(c) and (d). A detailed feasibility study for the setting up of Salt Works in Contai area of Midnapore District was proposed to be undertaken but investigations could not take place since West Bengal Government were unable to hand over land for this purpose. Besides, parties in occupation obtained a Stay Order from Calcutta High Court.

Consumer price index Numbers

5114. SHRI K.A. RAJAN:

SHRI CHITTA BASU:

Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) whether the committee headed by Dr. S.C. Seal to go into the question of preparation of new series of Consumer Price Index Numbers for industrial workers, with 1980-81-100 as the base has submitted its report to Government during stipulated period of two months; and

(b) if so, th details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR (SHRIMATI RAM DULARI SINHA): (a) The work of the Committee on the new series of Consumer Price Index numbers with 1980-81-100, headed by Dr. K. C. Seal, Director General Central Statistical Organisation is still in progress. The term of the Committee has been extended upto 18.5.1981.

(b) Question does not arise.

स्टेशनरी एवं छपाई के कागज की मार्किटिंग स्थिति

5115. **श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में स्टेशनरी एवं छपाई के कागज की मार्किटिंग स्थिति के बारे में कोई अध्ययन किया है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में ब्यौरे क्या हैं ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चरण जीत चानना) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

---

12 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE

(Interruptions) **

MR. SPEAKER: Nothing will go on record without my permission.

Certified Accounts and Review thereon for 1979-80 of Coir Board Ernakulam and Half Yearly April to Sept. 1979) Report and Annual Report and Review for 1979-80 of the Coir Board.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI CHARANJIT CHANANA): I beg to lay on the Table:

(1) A copy of the Certified Accounts (Hindi and English versions) of the Coir Board, Ernakulam, for the year 1979-80 and the Audit Report thereon, under subsection (4) of section 17 of Coir industry Act, 1953.

(2) A copy of the Review (Hindi and English Versions) by the Government on the Account of the Coir Board, Ernakulam, for the year 1979-80. [*Placed in Library. See* No. LT-2182/81]

(3) A copy each of the following Reports (Hindi % version).

** Not recorded.

English version was laid on the Table on the 11th March, 1981.

under sub-section (1) of section 19 of the Coir Industry Act, 1953:-

(i) Half-yearly Report for the period from 1st April, 1979 to 30th September, 1979 on the activities of the Coir Board and the working of the Coir Industry Act, 1953.

(ii) Annual Report for the year 1979-80 on the activities of the Coir Board and the working of the Coir Industry Act, 1953.

(4) A statement (Hindi % version) regarding Review by Government on the working of the Coir Board for the year 1979-80. [*Placed in Library. See* No. LT-8183/81].

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: That is not the criterion for calling you.

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): The Supreme Court has given the judgement and rejected their review petition. It is an obligation on the part of the LIC to pay bonus. They have already failed. The Supreme Court has dismissed their review petition. It is a major failure on the part of the Government.

MR. SPEAKER: No. It is with the Government.

SHRI NIREN GHOSH (Dum Dum) Thousands and thousands of kisans have been arrested. ....

MR. SPAKER: No.

(Interruptions)**

MR. SPEAKER: Nothing is going on record without my permission.

आप क्या सुनाइयेगा ? सब की बात तो एक साथ मैं नहीं सुन सकता हूं ।

(व्यवधान)

Review and Annual Report of National Thermal Power Corporation Ltd. New Delhi for 1979-80

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI VIKRAM MAHAJAN): I beg to lay on the Table a copy each of the following Papers (Hindi and English versions) under sub-section (1) of section 619A of the Companies Act, 1956:—

(1) Review by the Government on the working of the National Thermal Power Corporation Limited, New Delhi, for the year 1979-80.

(2) Annual Report of the National Thermal Power Corporation Limited, New Delhi, for the year 1979-80 along with the Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon. [*Placed in Library. See* No. LT-2184/81]

Naval Ceremonial, conditions of service and Miscellaneous (Amdt.) Regulations, 1981, Detailed Demands for Grants, 1981-82 of Ministry of Defence and Defence Services Estimates, 1981-82.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHIVRAJ V. PATIL): I beg to lay on the Table:

(1) A copy of the Naval Ceremonial, Conditions of Service and Miscellaneous (Amendment) Regulations, 1981 (Hindi and English versions) published in Notification No. S.R.O. 50 in Gazette of India dated the 7th March, 1981, under section 185 of the Navy Act, 1957. [*Placed in Library. See.* No. LT-2185/81]

% English version was laid on the Table on the March 1981.

** Not recorded.

(2) A copy of the Detailed Demands for Grants (Hindi and English versions) of Ministry of Defence for 1981-82. [*Placed in Library. See* No. LT-2186/81]

(3) A copy of the Defence Services Estimates, 1981-82 (Hindi and English versions) [*Placed in Library. See* No. LT-2187/81]

Annual Report of Employees' PF Organisation, New Delhi for 1979-80 with statement for delay.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR (SHRIMATI RAM DULARI SINHA): I beg to lay on the Table:

(1) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Employees' Provident Fund Organisation, New Delhi, for the year 1979-80.

(2) A statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the document mentioned at (1) above. [*Placed in Library. See* No. LT-2188/]

Union Public Service Commission (Members) Second Amendment Regulations, 1980. /

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH): I beg to lay on the Table a copy of the Union Public Service Commision (Members) Second Amendment Regulations, 1980 (Hindi and English versions) published in Notification No. GSR 977 in Gazette of India dated the 27th September, 1980, issued under article 318 of the Constitution. [*Placed in Library. See* No. LT-2189-81].

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS Nineteenth Report

SHRI G. LAKSHMANAN (Madras North): I beg to present the Nineteenth Report of the Committee of Private Members' Bills and Resolutions. Md

---

ESTIMATES COMMITTEE
Eight Report

SHRI S. B. P. PATTABHI RAMA RAO (Rajahmundry): I beg to present the Eighth Report (Hindi and English versions) of the Estimates Committee on Action Taken by Government on the recommendations contained in the Twenty-ninth Report of the Estimates Committee (Sixth Lok Sabha) on the Ministry of External Affairs—Working of Indian Diplomatic Missions.

12.03 hrs.

RE: MOTION FOR ADJOURNMENT ETC.

अध्यक्ष महोदय : नाट अलाउड, नाट अलाउड । अगर कोई बात अखबार में निकल आये तो उस से क्या हो जाता है ।

(व्यवधान)**

(Interruptions)

MR. SPEAKER: Will you take your seat?

आपको एक दफा बता दिया है कि इससे कोई फायदा नहीं है । आप मेरी बात सुनिए । पहले आप बैठ जाइए, मेरी बात सुनिए, मैं खड़ा हूं, आप बैठ जाइए ।

This is a bad sort of judgment on our part that we give adjournment motion and then we think we have got a right to speak. No, there is no question like this.

**Not recorded.

श्री हरिकेश बहादुर : एक पत्रकार की हत्या कर दी गई है ।

MR. SPEAKER: The press is being debated today. You know it, Mr. Harikesh Bahadur. This is the discussion today. And still you are giving that motion. Why should you? There is no question.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You can discuss it to day. You know the rules. Still you do it. Why should you? Please sit down.

AN HON. MEMBER: We have our responsibility.

MR. SPEAKER: You have your responsibility. But I have the responsibility entrusted by you to carry on according to the rules.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Again you are standing up like this. Please sit down. Nothing is going on record. Please sit down.

(*Interruptions*)**

MR. SPEAKER: Nothing is going on record without my permission. Whatever is said without my permission shall not form part of the proceedings.

(*Interruptions*)**

MR.SPEAKER: If you have got anything, you know that this cannot be an adjournment motion, you can give a Calling Attention Motion. I can discuss it, I can allow it; nothing has been disallowed in this House. Again, I have made a suggestion.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You can give one motion. Well, Mr. Gupta, what you wanted to say?

SHRI INDRAJIT GUPTA (Basirhat): We want to know why so large a number, lakhs of people.....

MR. SPEAKER: You can give me a motion.

SHRI INDRAJIT GUPTA:.....are being prevented on the way, they have been lathi charged....obstructed on the way...

MR. SPEAKER: You give a motion. I invite you to give me a Calling Attention Motion; I will consider it.

SHRI INDRAJIT GUPTA: The kisans are being detained; they have been beaten; they have been arrested. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Why are you speaking, all of you? I have allowed him. That is one subject which is allowed; that is all. Give me a motion; I will consider it.

SHRI INDRAJIT GUPTA: Why not an adjournment motion?

MR. SPEAKER: No adjournment motion. The Home Ministry's Demands are coming. You can raise it. You know the subject; you know, Mr. Gupta. You perfectly know I cannot allow it; you know the rules. Why are you trying to raise it?

(*Interruptions*)**

अध्यक्ष महोदय . फायदा नहीं है ।

(व्यवधान)**

MR. SPEAKER: Nothing is going on record without my permission. What I have allowed of Mr. Gupta will go on record; not otherwise.

कोई फायदा नहीं है । ऐसा करने से कोई फायदा नहीं है ।

(*Interruptions*)**

MR. SPEAKER: Come to my Chamber.

(*Interruptions*)**

MR. SPEAKER: Not allowed. That is my judgment. Why are you objecting? You are a learned man. Why are you objecting? It is my judgment. I will ascertain the facts.

**Not recorded.

SHRI INDRAJIT GUPTA: May I ask one question on one matter? Do you believe in the policy of discrimination?

MR. SPEAKER: No, Sir.

SHRI INDRAJIT GUPTA: I am sure, you don't.

MR. SPEAKER: I don't.

SHRI INDRAJIT GUPTA: In the case of one Kisan Rally the whole State machinery was utilized.

MR. SPEAKER: I do not discriminate.

SHRI INDRAJIT GUPTA: They have been lathi-charged. Why do you accept discrimination?

MR. SPEAKER: That is why I ask you to give a Calling Attention. Give me a motion.

(Interruptions)

MR. SPEAKER: I have asked you to do something. Why don't you do it?

(Interruptions)

MR. SPEAKER: I have already given you to understand....Order, order. Please sit down.

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : अध्यक्ष महोदय, हमने एडजर्नमेंट मोशन दिया है । थाल वेशेंट।

अध्यक्ष महोदय : मेरे पास आएं और हम डिसकस कर सकते हैं ।

I have got a Call Attention motion. Come and discuss.

श्री राम विलास पासवान : ज्वायंट सैक्रेटरी तक को गिरफ्तार किया गया है ।

MR. SPEAKER: I have got some facts. Come to me.

(Interruptions)

श्री रशीद मसूद (सहारनपुर) : अखबार में आएगा तभी डिसकस किया जाएगा ।

MR. SPEAKER: Now, Calling Attention—Mr. Rajesh Kumar Singh.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY (Calcutta South): You must allow me one minute.

(Interruptions)

अध्यक्ष महोदय : आपके दोस्त ही बोलने नहीं दे रहे हैं आपको ।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Sir, you have been all along nice. What has happened to you today?

MR. SPEAKER: What do you want?

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY): I want you to give me one minute, I have given one adjournment motion.

(Interruptions)

MR. SPEAKER: The other friends do not allow you to talk. (Interruptions) Do not wasts the time.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: What has happened to you?

MR. SPEAKER: Nothing has happened to me. What has happened is to your friends. They do not allow you to speak.

(Interruptions)

MR. SPEAKER: Nothing should be recorded without my permission.

(Interruptions) **

MR. SPEAKER: That is why I said, Mr. Chitta Basu, how many times I have to say and impress upon you? Please sit down.

(Interruptions) **

MR. SPEAKER: I am on my legs. You have to listen. Go to your seat Mr. Chitta Basu.

(Interruptions) **

**Not recorded.

MR. SPEAKER: No. You just listen to me, then I will listen to you. Please sit down.

आप तो भले आदमी हैं । बैठिए न ।

श्री रामावतार शास्त्री : भले आदमी हम सब हैं ।

(Interruptions)

MR. SPEAKER: I have impressed time and again that let us do according to what the rules allow. I have got no discrimination. I do not allow anything to go on record without my premission. That is my standing order. What I want to say is...

(Interruptions)

MR. SPEAKER: Look here now, you interrupt me all the time. When others speak, you also interrupt. When you speak, others interrupt you. It does not go to my benefit. Nor does it go to your benefit.

(Interruptions)

MR. SPEAKER: Even when I am prepared to call one by one, still you speak. I was asking that gentleman to speak, but he was not allowed by the Members. What can I do?

(Interruptions)

MR. SPEAKER: You are doing the same thing. I do not know why you have this irrepressible habit of talking all the time. Please sit down.

(Interruptions)

MR. SPEAKER: I will allow, but how can I...

(Interruptions) **

Now look here, that gentleman is on his legs. You do not know the rules. You do not follow the rules. I do not curb any discussion in the House, but it should be according to rules. I have to find out the facts whether they corroborate with what the papers say. I just cannot take any paper and just act accordingly. Then there will be all adjournment motions only, nothing else here. So, I have to find out the facts. I have to go into the details and then I have to decide. That is what you have put me here for. Is it not?

(Interruptions)

MR. SPEAKER: I cannot ask for anybody's advice. It is only my advice which goes with me. Now, Prof. Chakraborty, what do you want to say?

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Mr. Speaker, Sir,...

(Interruptions)

MR. SPEAKER: Now, look here. What can I do?

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Mr. Speaker, Sir, what I want to impress upon you is that thousands of people have been detained. As a Member of Parliament I have a responsibility...

MR. SPEAKER: That is why I said, Professor, you give a motion.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: I have already given you an adjournment motion.

MR. SPEAKER: No, that cannot be allowed.

(Interruptions)

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: You answer only this question. If you do not think fit to allow that adjournment motion, I seek your protection to show me the way as to how I can raise it in the House.

MR. SPEAKER: For instance, there can be a Call Attention motion. Then there are demands of the Home Ministry, and there are so many other things.

**Not recorded.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: No, Sir. It is an important matter. On earlier occasions you had allowed it.

MR. SPEAKER: Come to me and show me the rules and I will follow. You come at any time.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: On the earlier occasions you allowed it. Do not compel to say that you are discriminating. I do not want to say that. You cannot do it. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: If you have got satisfaction out of that you can say that. I am only answerable to myself and not to any body else. My conscience is very very clear. I am very clear and I am not going to be coerced.

(*Interrupions*)**

MR. SPEAKER: Nothing will go on record without my permission.

(*Interrupions*)**

MR. SPEAKER: Without my permiss on nothing will go on record. I cannot allow....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Narayan Choubey has my permission.

SHRI NARAYAN CHOUBEY (Midnapur): ..(*Interruptions*) large number of kisans. You are a farmer yourself. There has been kisan rally previously by the Congress (I) party,

MR. SPEAKER: I do not want your say.

SHRI NARAYAN CHOUBEY: Farmers have been assaulted. There may be some influence by Congress (I) Goondas and police is being used ....

MR. SPEAKER: I do not know. I have to find out the facts. Nothing more now. I cannot go on like this. This is all I can do. Mr. Choubey, you listen to me also.

SHRI NARAYAN CHOUBEY: The people coming by railway are being attacked. Kisans are coming.

MR. SPEAKER: Look here. I have to find facts. I cannot go on without finding facts. That is the procedure. I have to follow the procedure. I have to find out facts.

(*Interruptions*)

SHRI INDRAJIT GUPTA: Will you satisfy yourself and permit tomorrow?

MR. SPEAKER: What?

SHRI INDRAJIT GUPTA: By that time you can check up and allow it to-morrow at least.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: No, I will not allow any adjournment motion.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I know my job. I told you, you give me any other motion. I will consider it. I will find out facts and act accordingly.

(*Interruptions*)

SHRI INDRAJIT GUPTA: Calling Attention will be better. (interruptions) We will have to raise it if you do not allow Adjournment Motion.

MR. SPEAKER: Give me any motion....(Interruptions)

SHRI RAJJESH KUMAR SINGH: (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Give me any other motion. I do not bar anything.

SHRI NIREN GHOSH: You allow discussion on Adjournment Motion tomorrow.

(*Interruptions*)

**Not recorded.

MR. SPEAKER: Do not drag me in it. I am just a simple human being belonging to this nation. That is what I am. I have to safeguard the interest of everybody in this country.

You give it under some motion.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Not like this. I cannot allow.

(*Interruptions*)

DR. SUBRAMANIAM SWAMY (Bombay North East): Do you not think that the Government should come forward with statement on this LIC matter? The Court has insulted the Government. We have passed the Bill.

MR. SPEAKER: No. Swamyji, I have seen that recording. That is still with the Supreme Court.

SHRI HARIKESH BAHADUR (Gorakhpur): I had given notice of a privilege motion against the Home Minister two days back. You said you were ascertaining the facts. I have not heard anything so far. There was an announcement of increase in the pension of freedom fighters. The announcement was made at Karnal and not in the House. Parliament was in session. We have not still got it.

MR. SPEAKER: I have not still got the facts. But there is nothing much. I still do not have it.

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : माननीय घोष जी, आप क्यों बोलते हैं बगैर मेरी इजाजत के ।

You are a very seasoned politician and a parliamentarian. You get my permission. Have I ever denied my permission when it is relevant. (Interruptions)

SHRI HARIKESH BHADUR: You should reprimand the Minister.

अध्यक्ष महोदय : मेरे पास आया नहीं हरिकेश जी । मेरे पास जब जवाब आयेगा तब देखूंगा ।

Please sit down.

श्री मनी राम बागड़ी ।

(व्यवधान)

श्री मनी राम बागड़ी (हिसार) : अध्यक्ष महोदय, पहले महिला मेम्बर की बात सुन लीजिये ।

अध्यक्ष महोदय : मैंने बात सुन ली उनकी, आप कहें ।

श्री मनी राम बागड़ी : मैं एक बात आप से कहता हूं, चाहे आप कायदे कुछ भी बनायें ।

अध्यक्ष महोदय : मैंने नहीं बनाये हैं, गलतफहमी में मत रहिए । आपने ही कायदे बनाये हुए हैं, आपके ही कायदे हैं ।

श्री मनी राम बागड़ी : जब हिन्दुस्तान का किसान उठेगा, तो पुराने कायदे टूटेंगे

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैं कब चलाता हूं मैं कहां चलाता हूं ।

(व्यवधान)

I am not concerned with it, no question. Shri Rajesh Kumar Singh.

श्री मनी राम बागड़ी : यह हिन्दुस्तान के किसानों का अपमान है, मैं सदन से वाक-आउट करता हूं**

MR. SPEAK: Nothing is going on record.

Shri Mani Ram Bagri then left the House.

SHRI DEVI LAL (Sonepat):**

(*Interruptions*)

Shri Devi Lal then left the House.

MR. SPEAKER: I am a simple Speaker of this House, nothing else, more.

Shri Rejesh Kumar Singh.

**Not recorded.

12.22 hrs.

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

REPORTED FRESH SUPPLY OF SOPHISTICATED ARMS TO PAKISTAN BY U.S.A.

SHRI RAJESH KUMAR SINGH (Firozabad): Sir, I call the attention of the Minister of External Affairs to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon:—

"The reported fresh supply of sophisticated arms to Pakistan by United States of America on a massive scale and reaction of the Government of India with regard thereto."

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI P. V. NARASIMHA RAO): Mr. Speaker Sir, Government have been aware that the new United States Administration has been seeking to strengthen its military position in the Indian Ocean region and the Gulf area. Secretary of State stated in evidence to Congress on March 19, 1981 that the US was striving for a strategic consensus among countries ranging from Pakistan to Egypt. A programme of US economic and military assistance to a number of countries in this region other than Pakistan has been announced. Government have also noted that the US Administration has proposed legislative amendments in order to remove the barriers which at present obstruct military supplies to Pakistan because of her nuclear activities. The stated purpose of these actions is said to be to deter 'Soviet adventurism' and to protect "vital". Western interests in the Gulf region. In pursuance of this policy, we understand that discussions are currently under way between the Government of Pakistan and U.S.A. on the grant of fresh military and economic assistance. According to various reports this assistance could cover a varity of sophisticated arms including aircrafts, tanks; anti-tank missiles and air defence systems. Government have also seen reports about moves to upgrade the 1959 US-Pakistan Executive Agreement to the status of a Security pact with Congressional endorsement. As far as Govt. is aware these discussions have not yet reached final conclusions.

Sir, as the House is aware at the recent Non-aligned Conference there was a clear consensus that initiatives should be taken aimed at curbing the growing competition between Great Powers with special reference to the need to implement the Declaration of the Indian Ocean as a Zone of Peace. As the House is aware the Non-aligned movement comprises a majority of nations in the world and almost all the littoral states of the Indian Ocean. It may also be noted that the meeting of Heads of States of the Islamic Conference had recently affirmed at Taif that the peace and stability in the Gulf and the security of sea lanes was the exclusive responsibility of the Gulf States without any outside interference. More recently the Foreign Minisers of six Gulf countries, namely, Oman, Qatar, Saudi Arabia, UAE, Kuwait and Bahrain, have expressed opposition to the presence of oustside forces in the Gulf region as such presence is likely to provoke the very intervention it seeks to prevent. In our discussions with many other countries, including all our neighbours, in the sub-continent, they have also subscribed to the need to eliminate great power presence from the Indian Ocean.

Our concern regarding the escalation of great power military presence has been stated repeatedly in this House and elsewhere. Such escalation from one side immediately invites a response from the other side, and consequent dangers of confrontation. There is also the danger that littoral states might find themselves drawn into this competition with the likelihood of exacerbating tensions wherever they already exist in the region. It has long been evident that military force by itself is not the way to preserve

[Shri P. V. Narasimha Rao]

peace and stability. I do not need to cite from examples in the recent past. We would reiterate the need to establish an area of peace and co-operation in our region free from great power presences. We are confident that the countries of the region can resolve their problems more effectively by dialogue among themselves.

Spokesmen of the U.S. Administration have referred to the possibility of supplying arms to insurgent groups in Afghanistan. A Pakistan Govt. spokesman has however denied that they would permit their country to be used as a conduit for this purpose. While noting this statement, we would like to make it clear that action to the contrary as well as any active participation in building up a "security consensus" in terms of great power rivalries would be inconsistent with the professions that Pakistan had made when they joined the Non-aligned Movement in Havana.

I would like to inform the House that I have personally conveyed to the U.S. Government our grave concern at their reported moves to further militarise the Gulf region and to induct large quantities of arms into Pakistan. Experience over the last three decades has shown that such supplies have usually resulted in setbacks to the process of normalisation within the sub-continent. We have made it known to Pakistan that we are not insensitive to their security concerns and have also assured them that India poses no threat whatsoever to them. We have welcomed their assurances that they intend to move forward within the framework of the Simla Agreement. We ourselves remain committed to this and I am sure that the House will agree that every effort should be made to intensify our dialogue with Pakistan with a view to exploring all possible avenues of preventing our region from becoming a theatre of conflict.

Government is in consultation with a number of countries over this matter and is keeping itself fully abreast of the latest developments. Finally, I would like to assure the House that Government shall ensure that the security of the country is in no way compromised.

श्री राजेश कुमार सिंह : अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने सदन के समक्ष जो बयान दिया है, उसका विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है । आज हमारे पूरे रीजन में तनाव की स्थिति पैदा हो रही है । मैं इस संदर्भ में मंत्री महोदय से कुछ तथ्यों की जानकारी चाहता हूं। हमने आज ही समाचार पत्रों में पढ़ा है कि अमरीका ने 500 मिलियन डालर्ज की सैनिक सहायता पाकिस्तान को दी है । इस मामले के दो पहलू हैं : एक तो हमारा सुरक्षा का प्रश्न है, और दूसरे, हमारी विदेश नीति का प्रश्न भी इसके साथ जुड़ा हुआ है । अखबारों में कहा गया है :—

> "Reports from Washington suggest that Pakistan is going to get F-16(79) fighter aircraft, HAWK missiles, advanced radars and early warning systems, besides fresh consignments of tanks and guns."

मान्यवर अभी कुछ बाहर के देशों में जो रिपोर्टें छपी हैं उन में भी कुछ उल्लेख आए हैं :

> "At home, the Pakistani defence set up is going full steam. Defence expenditure has doubled since 1971 and accoding to the Intrnational Institute for Strategic Studies, Pakistan has been able to expand its army by 70 per cent over the last decade."

यह पाकिस्तान के डेवेलपमेंट की बात है । मैं थोड़ी सी इन बातों की चर्चा इसलिए करना चाह रहा हूं कि यह बड़ा महत्वपूर्ण विषय है । अभी हाल में सन्डे टाइम्स आफ लंडन ने यह कोट किया है ;

> Citing "Pakistani negotiators", report the imminence of Saudi aid of and dollar 800 million to finance

a hydrogen weapon programme in Pakistan.

यहां एक जगह और उल्लेख है :

"During last month's official visit to Pakistan by Crown Prince Fahed Pakistani sources claimed that 'Saudi support for Islamabad is a vital element in the politics of the region.' "

यह तो हाइड्रोजन बम वाली बात है । एक तरफ तो सारी स्थिति यह है । अभी अमेरिका के बारे में चर्चा हो रही थी । कल परसों जो एक्सटर्नल अफेयर्स की रिपोर्ट छपी है, उसमें साफ शब्दों में कहा है :

"A probelm which continued to cause concern during the year was the supply of nuclear fuel from USA for Tarapore. While supply of one shipment was welcomed by India, the imposition of extraneous conditions for the supply of further shipments was regretted.

"The question of access of Indian goods to markets in the USA also remained unresolved despite efforts for its speedy solution."

एक तो यह स्थिति है कि हमारे अमेरिका के साथ सम्बन्ध किस तरह बनते जा रहे हैं, दूसरे जो डेवलपमेंट चल रहा है उसके सम्बन्ध में एक और न्यूज की तरफ मैं ध्यान दिलाना चाहता हूं । अभी अखबारों में भी यह बात आई :

"Pakistan and China are jointly undertaking a road project to link the strategic Karakoram Highway with the forward lines in the Pakistan-occupied part of Jammu and Kashmir."

इस बारे में भी सरकार का कोई रिएक्शन सुनने में नहीं आया जब कि हमने इसे कांस्टीच्यूशन में इन्टर्नल पार्ट आफ इंडिया माना है और कांस्टीच्यूशन में इस का उल्लेख भी है । इस बात से माननीय मंत्री जी चिन्तित हैं और सदन भी चिन्तित है ।इस में दो राय कहीं भी नहीं है कि पाकिस्तान हथियार तो खरीद हो सकता है, ले भी सकता है लेकिन जिस बड़े पैमाने पर हथियार खरीदे गए और जिस बड़े पैमाने पर उसे हथियार दिए जा रहे हैं वह चिन्ता का विषय है । वह एक ही मुल्क से नहीं, फ्रांस से मिराज आ रहा है, वह दो हजार मिराज है जिसका कैपैसिटी यह भी है कि वह हाइड्रोजन वेपन ले कर कहीं जा कर ड्राप कर सकता है । यह हालत डेवलप कर रही है । माननीय विदेश मंत्री फारेन अफेयर्स को देख रहे होंगे, इन सारी स्थितियों के बारे में भी उन्होंने चिन्ता की होगी कि ये क्यों डेवलप हो रही हैं ? पाकिस्तान कहता है कि अफगानिस्तान के अंदर जो डेवलपमेंट चल रहे हैं उसकी वजह से हमें यह सारी शक्ति जोड़नी है और वेस्टर्न पावर भी यही कहते हैं । यह बड़ा अहम मसला है देश के सामने और सारे क्षेत्र के सामने, सारे कंटिनेंट्स के सामने। पाकिस्तान का कहना तो जो भी हो, उसके ऊपर तो वह एक फिल्मी बात लागू होती है कि कहीं पर निगाहें, कहीं पर निशाना, मैं उसके बारे में तो कुछ कहना नहीं चाहता हूं लेकिन मैं अर्ज करना चाहूंगा माननीय मंत्री जी से कि हमारी विदेश नीति में भी कुछ त्रुटियां बनी रही हैं, कुछ नहीं बहुत त्रुटियां बनी रही हैं । हम जो नान-एलाइन्ड के फाउन्डर कहलाते हैं, लेकिन जिस आन्दोलन को लेकर हम दुनिया में चले, उसके विपरीत खुद अपने आप हम किसी न किसी ब्लाक से अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होते रहते हैं । ईक्विडिस्टेंस की थ्योरी को हमें क्लीअरली एडाप्ट करना चाहिए । चाहे कम्पूचिया का सवाल हो, चाहे अफगानिस्तान का सवाल हो, हमेशा हिन्दुस्तान की नीति रही है कि वह किसी विदेशी ताकत को किसी की भी टेरिटरी पर दखल न करने दे और यह नान-एलाइन्ड की पालिसी है । मैं इस सन्दर्भ में कहना चाहता हूं, हम ने नान-एलाइन्ड कान्फरेंस में भी कोई साफ लाइन निर्धारित नहीं की और इसलिए दुनिया के अंदर चर्चा हुई । हमारे जो एम्बैसेडर हैं यू एन ओ में उन्होंने अलों 1980 में ...(**व्यवधान**).. अब डिगो गार्शिया वाली जो बात है...

अध्यक्ष महोदय : आप पाकिस्तान के सम्बन्ध में ही अपने को सीमित रखें ।

श्री राजेश कुमार सिंह : मैं कोई लम्बी चौड़ी बात नहीं कह रहा हूं, आप नाराज न हों ।

अध्यक्ष महोदय : नाराज होने की बात नहीं है ।

श्री राजेश कुमार सिंह : मेरा मतलब यह है कि इन डेवलपमेंट्स के कारण क्या हैं, उन कारणों की तरफ आप ने प्रकाश नहीं डाला ।

अध्यक्ष महोदय : आप राजेश जी, छक्के मत लगाइए ।

श्री राजेश कुमार सिंह : अब मैं प्रश्नों पर ही आ जाऊंगा । मेरे कुछ प्रश्न हैं माननीय मंत्री जी से । आप प्रश्नों की बात कर रहे हैं तो मैं प्रश्न ही कर देता हूं । मैंने इक्वीडिस्टेंस की बात कही है । डिएगो गार्सिया के बारे में भी हमारी पालिसी कोई इतनी जोरदार नहीं रही । अब मैं प्रश्न ही कर रहा हूं ।

I would like toknow whether it is in our interest that Pakistan should be strong and stable? What a militarily strong Pakistan suported by USA, China and Saudi Arab consortium would mean to us? Is Pakistan with massive arms build up a posing a new threat to India?

आपने साफ बात नहीं कही है । आपने कहा है कोई नयी थ्रेट नहीं दी जा रही है ।

मैं एक प्रश्न और कर रहा हूं ।

Whether it is a failure on the part of our foreign policy both in integrating South Asia under our own leadership and creating a political power grouping among the non-aligned countries to put pressure on great powers to keep away from the area?

MR. SPEAKER: This question is out of the purview.

आप सिर्फ पाकिस्तान तक ही रखिए ।

श्री राजेश कुमार सिंह : इसमें यह सारी परिस्थितियां डेवलप हो रही हैं । मेरे कहने का मतलब यह है कि पाकिस्तान को जो बिग पावर्स की तरफ से दिया जा रहा है उसके लिए नान-एलाइन्ड कन्ट्रीज का पावर ब्लाक बना कर पाकिस्तान पर कोई प्रेसर डाला जा सकता है ?

MR. SPEAKER: You will have enough time to discuss this during the debate on the Foreign Affairs Ministry.

SHRI RAJESH KUMAR SINGH: Whether India should start diplomatic activity to create a consensus among a sizeable number of countries to prevent cold-war between India and Pakistan and to play a mediatory role over Afghan issue.

लास्ट में एक प्रश्न और पूछना चाहता हूं ।

Whether Government of India is taking every possible measure to build up the strength of our forces and to modernise them in all respects to meet any threat from any quarter?

श्री पी. वी. नरसिंह राव : श्रीमान्, माननीय सदस्य के जो प्रश्न इस ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के अन्तर्गत आते हैं, उन्हीं का मैं जवाब देना चाहता हूं । मैंने अपने अंतिम वाक्य में यह कहा है :

"Finally I would like to assure the House that Government shall ensure that the security of the country is in no way compromised."

यह अत्यन्त स्पष्ट जवाब है, आपके आखरी सवाल का ।

जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, हमारे पड़ोसी मुल्क का, हमने हमेशा यही कहा है कि हम अपने पड़ोसी मुल्कों को स्टैबल देखना चाहते हैं, उनमें स्थिरता देखना चाहते हैं लेकिन स्थिरता का अर्थ है कि हथियारों का बोझ है वह उतना ही उस पर लादा जाए जितना कि उठाया जा सकता है, उससे अधिक बोझ लादने से स्थिरता नहीं आती है, अस्थिरता आ जाती

है । इसीलिए हम पाकिस्तान से कह रहे हैं कि आपको हम से घबराने का कोई कारण नहीं है, आप अपने को हथियारों से लादते न चले जाइये, हथियारों से इतना ज्यादा लैस मत कीजिए, इससे तनाव बढ़ता है और जो आप अपनी रक्षा करना चाहते हैं या रक्षा का प्रबंध करना चाहते हैं उस पर इसका उल्टा असर होता है । यह बात हम उनसे कह रहे हैं । इस लिए यह प्रश्न ही नहीं उठता कि हम पाकिस्तान को कभी कमजोर देखना चाहते हैं । बिल्कुल नहीं । हम पाकिस्तान को स्थिर देखना चाहते हैं । पाकिस्तान और हमारे बीच में जो भी प्रश्न है उनको शिमला एग्रीमेन्ट के अनुसार हम सुलझाना भी चाहते हैं । वह प्रक्रिया चल रही है । सदन को पता है कि पिछले साल कई बार हमारी तरफ से पहल हो चुकी है और यह जो प्रक्रिया है वह अभी तक जारी है ।

दूसरी जो बातें हैं, उन पर कल से जो चर्चा शुरू होने वाली है, उसमें मैं जवाब दूंगा ।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : अध्यक्ष जी, हमारे देश की नीति रही है कि हम तमाम मुल्कों के साथ समानता के आधार पर दोस्ती कायम करना चाहते हैं और उसको मजबूत भी करना चाहते हैं । उसी तरीके से शिमला समझौते के तहत हमारी नीति पाकिस्तान के साथ एक भाई की तरह, एक पड़ोसी की तरह से मेल जोल रखने की है । लेकिन इस दोस्ती में खलल डालने वाली शक्ति है और उस शक्ति को हमें ठीक से पहचानना होगा और उनसे लड़ने के लिए अपनी तैयारी भी रखनी होगी । वह शक्ति है--अमरीकी साम्राज्यवाद । उनके पीछे चलने वाली चाहे अंग्रेजी सरकार हो या फ्रांस की सरकार हो या उनके लगुवे-भगुवे जो लोग हों...

अध्यक्ष महोदय : यह आज नया शब्द कायम किया है ।

श्री रामावतार शास्त्री : ये सारे लोग हमारी इस नीति को पसन्द नहीं करते हैं और यही वजह है कि...

अध्यक्ष महोदय : आपने कभी लगुआ-भगुवा शब्द सुना है ?

डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी (बम्बई उत्तर पूर्व) : यह घटिया भाषा बिहार की होगी ।

श्री रामावतार शास्त्री : लगुवा-भगुवा हिन्दी भाषा है । आप हिन्दी नहीं समझते हैं ।

उनके एजेन्ट, उनके चापलूस, उनके पीछे चलने वाले उनके बड़े मतलब हो सकते हैं ।

डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी : रनिंग डाग।

श्री रामावतार शास्त्री : रनिंग-डाग आप अंग्रेजी में कहिए । पिटठू कहिए और भी बहुत तरह के शब्द हैं ।

MR. SPEAKER: Fellow travellers.

डा. सुब्रह्मण्यम स्वामी : चमचे

अध्यक्ष महोदय : कड़छे

श्री रामावतार शास्त्री : अमरीकी साम्राज्यवाद की नीति आजाद मुल्कों को अपने पांवों पर खड़ा होने से रोकने की है । जो उनको "जी हजूरी" करते हैं, वह तो ठीक है, लेकिन जो अपने आत्म-सम्मान की रक्षा करें देश को मजबूत करें, वह उनके लिए बुरे हैं, लेकिन ये पाकिस्तान को हथियारबंद कर रहे हैं । पाकिस्तान को हिन्दुस्तान से क्या खतरा है ? किसी से क्या खतरा है ? लेकिन हथियार बंद कर रहे हैं, उनको हथियार दे रहे हैं... **(व्यवधान)**...

एक माननीय सदस्य : हथियारबन्द कर रहे हैं ।

श्री रामावतार शास्त्री : वह भी बोले मेरा मतलब है--आर्म करना । राव साहिब हिन्दी जानते हैं । हथियारबन्द एक शब्द है, अलग-अलग शब्द नहीं है--अस्त्र-शस्त्र की होड़ । पाकिस्तान की खबर भी आ रही है कि अमरीका ने 500 मिलियन डालर पाकिस्तान को 81-82 में देने का फैसला किया है, जिसमें से 400 मिलियन डालर फौज पर खर्च होगा और 100 मिलियन डालर आर्थिक विकास पर खर्च होने की बात है । जो फौजी तैयारी पर खर्च होगा, उसमें से 60 लाख डालर फौजों की ट्रेनिंग

[श्री रामावतार शास्त्री]

पर खर्च होगा और 250 अरब डालर के आधुनिकतम हथियार खरीदे जायेंगे बिलकुल अटोमिक सामानों से सुसज्जित । मैं यह पूछना चाहता हूं कि इस तरह से आर्म करने की आवश्यकता क्या है ? हमारी सरकार की नीति जरूर है कि हम इसको पसन्द नहीं करते हैं, लेकिन दो-टूक शब्दों में अमरीकी साम्राज्य के इस दखलअन्दाजी, यह हमारे देश में इस तरह के आजाद देशों मे मैं इसको दखलअन्दाजी मानता हूं, की निन्दा क्यों नहीं करते हैं ? क्या वजह है ? आपको निन्दा करनी चाहिए, जो हमारे देश पर इतना बड़ा खतरा पैदा कर रहा हो और उसके बारे में आप चुपचाप रोश जाहिर कर दें, अप्रसन्नता प्रकट कर दें--मैं समझता हूं कि यह काफी नहीं है ।

अध्यक्ष जी, पाकिस्तान को हथियार दिए जा रहे हैं, भले ही वह यह कहे कि हम उसका इस्तेमाल अफगानिस्तान में नहीं करेंगे, लेकिन उसका इस्तेमाल हो रहा है । अमरीका ने बहुत सफाई से बात कही है कि हमारा एक यह भी मकसद है कि वहां इसका कुछ इस्तेमाल किया जा सकता है, तो ये इस नीति के तहत चल रहे हैं । कई तरीके से हमारे प्रति पाकिस्तान की नीति दुश्मनी की रही है । अभी हमारे यहां जो दंगे हुए, उनका उन्होंने इस्तेमाल किया और हमारे देश को बदनाम करने की कोशिश की । यह काम उनकी तरफ से हो रहा है । हम शिमला समझौते पर अमल करने की बात करते हैं और ये गलत कदम उठाते हैं, तो यह हमारे देश के लिए खतरा है। काश्मीर का सवाल भी उठा देते हैं । जब कि शिमला समझौते के मुताबिक उसको नहीं उठाया जाना चाहिये। कभी यू. एन. ओ. में उस की चर्चा कर देते हैं, कभी इस्लामिक कन्फरेंस में कह देते हैं । इस लिए दो टूक शब्दों में इसका कोई रास्ता निकालना होगा । हम देख रहे हैं--अमरीकी साम्राज्यवाद को, यदि छिपा रहता तो निन्दा नहीं कर सकते थे, लेकिन अब तो स्पष्ट रूप से हमारे सामने बैठे हुए हैं फिर भी निन्दा नहीं करते हैं--यह हमारी कमजोरी का द्योतक है । मैं चाहता हूं कि सरकार इस पर ठीक से निन्दा करे ।

हमारे देश के एक नेता हैं--श्री मोरारजी देसाई । बड़े अच्छे नेता हैं, देश के प्रधान मंत्री भी रह चुके हैं । उनका कहना है कि अगर पाकिस्तान से दोस्ती करना चाहते हो, उसको अमरीका के पंजे से निकालना चाहते हो, तो हिन्दोस्तान ही पाकिस्तान को हथियार क्यों न दे ?...

श्री इन्द्रजीत गुप्त (बसिरहाट) : डा. सुब्रहमण्यम स्वामी भी यही कहते हैं ।

श्री रामावतार शास्त्री : हथियार बंद से वाले हैं ।

मैं यह भी जानना चाहता हूं कि इसके बारे में आप की प्रतिक्रिया क्या है ? क्या पाकिस्तान को हथियार देना चाहिये, क्या उसी से वह हमारे साथ आयेगा या कोई और बात है ?

अब मैं डियागो गार्शिया की थोड़ी चर्चा करना चाहता हूं...

अध्यक्ष महोदय : आज इस को रहने दें, वह कल आ जायेगा ।

श्री रामावतार शास्त्री : मैं इस बात को इस लिये उठाना चाहता हूं कि मैं कल बोलने वाला नहीं हूं । यह सरकार अमरीका और सोवियत यूनियन को एक पलड़े में रखती है । आप ने इस बयान में भी कहा है--"बड़ी शक्तियां" "ग्रेट-पावर्स" । लेकिन दोनों की नीतियों में कोई मेल नहीं है, जमीन-आसमान का फर्क है । अमरीकी साम्राज्यवाद आप को धौंस-पट्टी दे रहा है, दुनियां के आजाद मुल्कों को गुलाम बनाना चाहता है, जबकि सोवियत यूनियन ने हिन्दुस्तान और दूसरे मुल्कों की मदद की है, जो आपके सामने है, फिर भी आप दोनों को एक ही पलड़े पर रखना चाहते हैं । मैं डियागो-गार्शिया के बारे में दो शब्द कह दूं...

श्री पी. वी. नरसिंह राव : 24 घन्टे की बात है ।

अध्यक्ष महोदय : शास्त्री जी, इसको यहीं तक रखिये ।

It is not within the purview of the Calling Attention motion.

श्री रामावतार शास्त्री : अमरीका, ब्रिटेन और फ्रांस के कितने युद्ध पोत हैं ? 42 हैं, जिनमें क्रूजर 3, विध्वंसक 26 लैण्डिंग शिप्स 2, सब-मैरीन्ज 2, कमाण्ड-शिप्स 2--सब मिला कर 42 हैं और सोवियत यूनियन के पास सिर्फ 11 हैं । फिर भी आप की दृष्टि में दोनों बराबर हैं। यह बात समझ में नहीं आती है कि आप अपने दोस्तों को ठीक से कब समझियेगा ? अपने दिमाग को क्लियर तो रखिये । मैं जानना चाहता हूं--इस तरह के देशों को आप एक ही पलड़े में रख कर अपनी साम्राज्यवाद विरोधी तस्वीर को धूमिल क्यों कर रहे हैं ? हिन्दुस्तान की जनता ने साम्राज्यवाद के खिलाफ जिस बहादुरी से लड़ाई की है उसको धूमिल न कीजिये, दोनों को डिफरेंशियेट करना होगा ।

मैं एक बात और पूछ लूं--अमरीकी सरकार की अब तक की नीति यह रही है कि जो न्यूक्लियर पावर्स हैं हम उनकी मदद नहीं करेंगे । लेकिन अब पाकिस्तान भी तो मई में न्यूक्लियर-पावर बन रहा है, बम का धमाका करने वाला है जिस से और ज्यादा खतरा बढ़ेगा, उसके लिए रेगन साहब ने कांग्रेस के सामने प्रस्ताव रखा है कि पाकिस्तान के मामले में कुछ ढिलाई करनी चाहिये । यह और भी ज्यादा खतरनाक बात है--इसी लिये डियोगो-गार्शिया का सवाल, हिन्द महासागर का सवाल, हमारे डिफेन्स का सवाल--बहुत महत्वपूर्ण सवाल है । इस समय तीन शक्तियों का मिलन हो रहा है--अमरीका, पाकिस्तान और चीन । चीन की सड़क की चर्चा उन्होंने की है । तीनों मिल कर इस क्षेत्र में खतरा पैदा कर रहे हैं । इन से बचाव का हमारा रास्ता क्या होगा ? क्या हम और नये-नये मित्र ढूंढेंगे, पुरानी मैत्री को मजबूत करेंगे या उन को एक पलड़े में रख कर उनको नाराज करेंगे ? इन सब बातों का जवाब मैं स्पष्ट शब्दों में मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं ।

श्री पी. वी. नरसिंह राव : यह तो कल का भाषण था जो इन्होंने आज ही कर दिया । मुझे इस समय इतना ही कहना है कि जो हम कहना चाहते हैं उसे कहने में हम ने कई आनाकानी नहीं की है, दो-दो टूक नहीं, चार-चार टूक हम ने की है । इसमें कोई कमी नहीं की है । बाकी बातों पर जब कल चर्चा आयेगी तब उनके जवाब दूंगा ।

श्री रामावतार शास्त्री : आप दोनों देशों को एक पलड़े में क्यों रख रहे हैं।

श्री पी. वी. नरसिंह राव : मैं कह चुका हूं वह प्रश्न यहां नहीं उठता है । I would like to inform the House that I have personally conveyed it to the U.S. Government.

यह नहीं कि किसी दूसरे लेविल पर हुआ है । मैंने खुद यह बात कही है और नाराजगी जाहिर की है ।

श्री रामावतार शास्त्री : उनको कन्डम कीजिए ।

श्री पी. वी. नरसिंह राव: आप की भाषा तो हम नहीं ले सकते । हम अपनी भाषा में ही बात करते हैं ।

श्री मूलचन्द डागा (पाली) : अध्यक्ष महोदय, जब भारत सरकार का विदेश मंत्री बोलता है, तो हम समझते हैं कि भारत सरकार बात कर रही है । वे बड़े शान्तिपूर्ण ढंग से बातें करते हैं और काफी बड़ी चिन्ता प्रकट करते हैं हमारे इस देश के लिए । मैं भी उन की इस चिन्ता में अपने आप को सम्मिलित करता हूं लेकिन कृपा कर के यह बतलाइए और हिम्मत के साथ बतलाइए कि जब आप बार-बार कहते हैं कि पाकिस्तान के साथ हमारे सम्बन्ध सौहार्दपूर्ण हैं, हम उन में बड़ी रुचि लेते हैं, हम उन का विकास देखना चाहते हैं और उधर से श्री आगा शाही भी यही कहते हैं कि हमारे इरादे भारत के प्रति बड़े नेक हैं, तो फिर इस तरह की बातें क्यों होती हैं । आप भी नेक हैं और वे भी नेक हैं, दोनों के नेक होने के बाद भी और दूसरी और अमेरिका लोकतंत्र में विश्वास रखने वाला देश है और आप भी लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले हैं, तब ऐसी बातें क्यों होती हैं, और तानाशाही हकूमत का यह जो डूबता हुआ सितारा है उस को बचाने के लिए जो मदद हो रही है, उस अमेरिका ने कई बार आश्वासन दिया है और कई बार स्पष्ट शब्दों में इस बात को कहा है कि पाकिस्तान को जो हथियार हम

[श्री मूल चन्द डागा]

दे रहे हैं, वे किसी भी सूरत में हिन्दुस्तान के खिलाफ काम में नहीं लाए जाएंगे । क्या ऐसा हुआ है, हिम्मत के साथ कहिए विदेश मंत्री जी ? आप रक्षा मंत्री जी से पूछ लीजिए अगर आप को याद न हो, वे पीछे बैठे हुए हैं, कि पाकिस्तान को दिये गये वे हथियार क्या कई बार हिन्दुस्तान के खिलाफ काम में नहीं लाए गये ? आज कोई भी मुल्क, जो पाकिस्तान को हथियार दे रहा है, वह रूस को विस्तारवादी नीति का बहाना बना कर उस को हथियार दे रहा है । अफगानिस्तान के अन्दर संकट पैदा कर के पाकिस्तान अपनी गुट्टी बनाना चाहता है और उस ने अपनी दो-तिहाई सेना हमारे बार्डरों पर खड़ी कर दी है । जब ऐसी हालत है, तब आप यह कह रहे हैं कि कल चार घंटे की बहस होगी और उस समय हम अपनी बातें कहें और उन का जवाब आप देंगे । आप मुझे यह बताइए कि एक नीति बनी हुई है और अमेरिका ने यह कहा था कि हम उन मुल्कों को हथियार नहीं देंगे जो परमाणु बम बनाने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं । आज पाकिस्तान न्यूक्लियर एक्सप्लोजन की तरफ बढ़ रहा है और आज उस सीमा को लांघ कर उन्होंने उस को मदद देने के लिए पूरा इरादा कर लिया है । इस पर आप ने क्या कहा ? आप ने बताया कि हम ने विरोध पत्र लिखा है ब्रिटेन को और पश्चिम जर्मनी को । क्यों नहीं आप ने इस के खिलाफ अपनी आवाज उठाई । विश्व शान्ति का पैगाम दुनिया में ले कर चलने वाला हिन्दुस्तान, जो नेहरू की पालिसी को ले कर चलता है, उस की बातों का आज कहीं असर क्यों नहीं होता है । निगुट समेम्लन हुआ । आज वे यह चाहते हैं और बिल्कुल चाह रहे हैं कि इस क्षेत्र में शान्ति रहे । खाड़ी के देशों का तो बहाना लिया है । आज वह यह सोचता है कि खाड़ी के क्षेत्र से और दक्षिण एशिया से पाकिस्तान को अलग कर दिया जायेगा । क्या यह सही बात हो सकती है ? रीगन साहब की जो आरक्षण की नई प्रणाली है, उसमें रीगन साहब की पाकिस्तान के ऊपर बड़ी कृपा है लेकिन उन रीगन साहब से पूछो कि पाकिस्तान को हथियार देने का जो आप का इरादा है, वह किस बात के लिए है । अमेरिका में जो पेपर्स निकलते हैं, उन अखबारों ने लिखा है । ये लोकतंत्र में विश्वास करने वाले लोग हैं और उन्होंने रीगन साहब की नीति के विरोध में लिखा है और अपनी इच्छा का इजहार किया है । बार-बार उन्होंने कहा है लेकिन रीगन साहब ने कहा कि कांग्रेस के अन्दर इस पर डिस्कशन आने से पहले ही अगर पाकिस्तान पर हमला होगा, तो हम मदद देने के लिए तैयार हैं ।

अमेरिका और हम दोनों लोकतंत्र में विश्वास करने वाले मुल्क हैं । दोनों मुल्कों के लोग इसमें विश्वास करते हैं । पाकिस्तान को सहायता देने के बारे में अमरीका के श्रेष्ठ पत्रकार जैक एण्डर्सन जो कि सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटन में काफी ख्याति प्राप्त कर चुके हैं, ने अमरीकी प्रशासन को पाकिस्तान के तानाशाही शासन को सैन्य सहायता देने के बारे में कड़ी चेतावनी दी है । उन्होंने कहा कि अमेरिका ने जिस पर भी हाथ रखा, वह गायब हुआ। पहले दक्षिण वियतनाम में जनरल थियू पर हाथ रखा तो वह गायब, ईरान के रजा शाह पहलवी को चुना तो वह गायब ।

आप अपने दोस्तों को बुलाइये और बुला कर के बात कीजिए । जो आपके दोस्त यह कहते हैं कि मेरे इरादे भी नेक हैं और आपके इरादे भी नेक हैं, उनसे मेहरबानी करके पूछिये कि यह बताइये तो फिर यह सब किस लिए हो रहा है । जब पाकिस्तान हम से बार बार कह रहा है कि हमारे प्रति उसकी कोई बुरी भावना नहीं है तो फिर यह अब मदद लेने का सवाल और न्यूक्लियर एक्सप्लोजन का सवाल क्यों पैदा किया जा रहा है?

वह भाषा क्या बोलते हैं और करते क्या हैं? आज तक हमने उस पर हमला नहीं किया, हमने उसके साथ कोई लड़ाई नहीं छेड़ी । आज दुनिया में प्रति मिनट एक करोड़ के हथियार बनते हैं । हमने किसी से ये नहीं मांगे हैं । हम हमेशा नेहरू की भाषा बोलते आ रहे हैं । लेकिन मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या आपकी इस वक्त पर पाकिस्तान में जा कर कोई बात हुई है या नहीं? क्या आपकी अमेरिका से

जो कि आज पाकिस्तान को हथियार दे रहा है उससे कोई बात हुई है या नहीं? आपके जो भाई लोग या नुमाइन्दे जो दूसरे मुल्कों में हैं उन्होंने उनमें क्या बात की है? आपने बहुत से राष्ट्रों की बात की है? वहां जो हमारे आफिसर हैं उन्होंने इसके बारे में क्या काम किया है? यह कृपा कर के बतलाइये क्योंकि आपने लिखा है कि आपको गंभीर चिंता है। आपके साथ हम लोगों को भी गंभीर चिंता है। आपको वहां से क्या आश्वासन मिले हैं? आप केवल गंभीर चिंता पर ही नहीं रुक जाइयेगा। वैसे हिन्दुस्तान डरने वाला मुल्क नहीं है। इन हथियारों से हम डरने वाले नहीं हैं क्योंकि हिन्दुस्तान बहुत बहादुर मुल्क है। हम लोग उसूली पर चलने वाले हैं। यह बताइये कि आपके आफिसर्स ने वहां क्या किया और इस समस्या को आप कैसे रोकने जा रहे हैं।

श्री पी. वी. नरसिंह राव : श्रीमान्, श्री डागा जी ने इतनी हिम्मत दी है, अब मैं दुबला नहीं पड़ूंगा।

सवाल यह है कि हमें अपनी जो बात कहनी है वह स्पष्ट कह रहे हैं। जहां तक हमारी नीयत का सवाल है, हमारी नीयत, हमारी कथनी और करनी दोनों बराबर हैं। यही बात और लोग भी कहते होंगे और कहते भी हैं। ऐसा कोई देश नहीं होता जो अपने बारे में कुछ बुरा कहता हो या अपने खिलाफ कुछ कहता हो। लेकिन यह दुनिया के लिए सोचने का विषय है, सदन के लिये सोचने का विषय है। कोई और कहता है कि उसकी नीयत अच्छी है, मैं जो कहता हूं मेरी नीयत अच्छी है, हम दोनों में से कौन सही कह रहा है, कौन जरा कम सही कह रहा है, या बिल्कुल गलत कह रहा है यह तो आपके जजमेंट के लिए है।

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: Who is the ring master?

श्री पी. वी. नरसिंह राव : साल भर से आप यह देख रहे हैं कि हमारी तरफ से क्या क्या पहल हुई। वहां के विदेश मंत्री आगा शाही साहब आये, उनसे हमारी क्या क्या बात हुई, कैसी-कैसी चर्चाएं हुई, उनके बारे में आप अखबारों में पढ़ रहे हैं। उसके बाद हम मिलते रहे, वे यहां आये, फिर न्यूयार्क में जनरल असेम्बली में हम मिलते रहे। अक्सर हमारी बात होती रही। हमारा यही रवैया रहा कि हम शिमला समझौते के अनुसार, जितनी भी बातें हमारे बीच में हैं, उन पर किसी न किसी तरह से चर्चा से, आपसी समझौते से, एक निर्णय पर आये। अब यह कोई इतना छोटा मामला तो है नहीं। इसके लिए समय लगता है और लोगों से भी हम कह रहे हैं, युनाइटेड स्टेट्स से कह रहे हैं। अब आप आशा

13 hrs.

करें कि आज हम कहां--और कल उनका जवाब आ जाए--"हां" या "न", ऐसा नहीं होता। हमारी बात सुनी जाती है, और लोग भी हमारी बात सुनते हैं और जहां तक पहुंचाते हैं। तो यह सारा जो इन्पुट होता है, कुल मिलाकर इसका असर होता है उनकी पालिसी पर, उनकी नीति पर। लेकिन इसमें समय लगता है, इसके लिए इंतजार करना पड़ता है और जो-जो सिगनल्स हमें मिलते हैं, जो संकेत हमें मिलते हैं, उनसे भी पता लगाना पड़ता है। दो टूक बात से इसका फैसला नहीं होता। जो बात हम कहेंगे वह डटकर कहेंगे और इसका असर होता है या नहीं, इसका अध्ययन करते रहेंगे, स्टडी करते रहेंगे। यह एक लम्बा चलने वाला मामला है, एक प्रक्रिया है जो एकदम खत्म होने वाली नहीं है। मैं आपको आश्वासन देता हूं कि हम सतर्क हैं और सतर्क रहेंगे और किसी तरह भी हमारे हितों पर देश के हितों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: I would like to say, first of all... (*Interruptions*)

AN HON. MEMBER: Voice of America.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: Voice of America is Mrs. Gandhi, according to Senator Patrick Moynihan. So, be careful. If you want the document, you should read Senator Moynihan's book. Don't stray into that area. You will get it back.

[Dr. Subramaniam Swamy]

First of all, I would like to say reluctantly, and grudgingly, that this is a well drafted statement. (*Interruptions*) My job, in the Opposition, is to be grudging.

MR. SPEAKER: Sometimes be generous.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: I am generous; but that will come normally. I agree entirely with the Minister that the need of the hour is sophistication and statesmanship. Outright condemnation is a language which has now become obsolete. In fact, Mr. Shastri was demanding a strong statement. I would like to remind him that when the Government of India used soft words to describe the Soviet occupation of Afghanistan, he was very pleased. But now I find...

